कार्यालय प्रोजेक्ट डायरेक्टर (आत्मा) सह, उप संचालक कृषि, जिला नारायणपुर (छ.ग.

दूरभाष एवं फेक्स क्रमांक – 07781252896, Email : pda_narayanpur@rediffmail.com

प.क. / टी–3 / आत्मा / सं.नि. / 2014–15 / 1535 नारायणपुर, दिनांक 08 / 10 / 2014

प्रति,

महाप्रबंधक,
छत्तीसगढ़ संवाद,
पुराना जनसम्पर्क संचालनालय परिसर,
महिला थाना के पास रायपुर छ.ग.

विषय :– एक्सटेंशन रिफार्म्स (आत्मा) योजनांतर्गत् संविदा (Contractual Staff) नियुक्ति हेतु **संशोधित विज्ञापन** प्रकाशित करने बाबत।

संदर्भ :– संचालनालय कृषि छ.ग.रायपुर का पत्र कमांक / एक्स.रि. / प्रशा. / 21 / 2014–15 / 211, दिनांक 19.08.2014।

––00––

विषयांतर्गत् लेख है कि एक्सटेंशन रिफार्म्स (आत्मा) योजनांतर्गत् जिला नारायणपुर में संविदा (Contractual Staff) नियुक्ति किया जाना है। जिसके लिए विज्ञापन प्रकाशन हेतु कलेक्टर सह अध्यक्ष गवर्निंग बोर्ड (आत्मा) जिला नारायणपुर से अनुमोदित **संशोधित विज्ञापन प्रारूप** पत्र के साथ संलग्न कर भेजी जा रही है।

अतः एक राज्य स्तरीय एवं दो क्षेत्रीय (बस्तर संभाग स्तरीय) दैनिक समाचार पत्र में संलग्न प्रारूप अनुसार **संशोधित विज्ञापन** प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

संलग्न :– 1. कलेक्टर सह अध्यक्ष गवर्निंग बोर्ड (आत्मा) से अनुमोदित विज्ञापन प्रारूप।
2. आवेदन पत्र का प्रारूप।

प्रोजेक्ट डायरेक्टर (आत्मा) सह
उप संचालक कृषि
जिला–नारायणपुर (छ.ग.)

पृ.क. / टी–3 / आत्मा / सं.नि. / 2014–15 / 1536 नारायणपुर, दिनांक 08 / 10 / 2014

प्रतिलिपि :–

1. स्टेट नोडल अधिकारी(एक्स.रि.)सह संचालक कृषि, संचालनालय कृषि छ.ग. रायपुर की ओर सादर सूचनार्थ।
2. कलेक्टर सह अध्यक्ष गवर्निंग बोर्ड (आत्मा) जिला नारायणपुर की ओर सादर सूचनार्थ।
3. राज्य सूचना अधिकारी एवं विज्ञान अधिकारी (NIC) रायपुर की ओर भेजकर निवेदन है कि पत्र के साथ संलग्न **संशोधित विज्ञापन** छ.ग.शासन के वेबसाईट **www.cgstate.gov.in** / कृषि विभाग छ.ग.शासन के वेबसाईट **www.agridept.cg.gov.in** पर अपलोड कर स्क्रीनशीट की प्रति सहित अपलोड किए जाने की जानकारी लेख करते हुए इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करेंगे।
4. संयुक्त संचालक कृषि, बस्तर संभाग जगदलपुर की ओर सादर सूचनार्थ।
5. सहायक संचालक, जन सम्पर्क जिला नारायणपुर की ओर भेजकर लेख है कि उक्त **संशोधित विज्ञापन** को समस्त क्षेत्रीय दैनिक समाचार पत्रों में प्रेस विज्ञप्ति के रूप में प्रकाशित करने एवं पेपर कतरन की एक छायाप्रति इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
6. जिला सूचना अधिकारी एवं विज्ञान अधिकारी (NIC) नारायणपुर की ओर भेजकर लेख है कि पत्र के साथ संलग्न **संशोधित विज्ञापन** अनुसार छ.ग.शासन के वेबसाईट **www.cgstate.gov.in** / जिला नारायणपुर (छ. ग.) के **www.narayanpur.gov.in** पर अपलोड कर स्क्रीनशीट की प्रति सहित अपलोड किए जाने की जानकारी लेख करते हुए इस कार्यालय को उपलब्ध करावें।

प्रोजेक्ट डायरेक्टर (आत्मा) सह
उप संचालक कृषि 8/10/2014
जिला–नारायणपुर (छ.ग.)

कार्यालय प्रोजेक्ट डायरेक्टर आत्मा सह उप संचालक कृषि,
जिला नारायणपुर छ.ग.
दूरभाष एवं फेक्स कमांक : 07781–252896, E-mail : ddanarayanpur.cg@nic.in

//विज्ञापन//

कमांक/टी–3/आत्मा/संविदा नियुक्ति/2014–15/ 1534 नारायणपुर, दिनांक 08/10/14

संचालनालय कृषि, छ.ग. शासन रायपुर का पत्र/एक्स.रि./प्रशा./21/2014–15/211, दिनांक 19.08.2014 में दिए गए निर्देशानुसार एवं कलेक्टर सह अध्यक्ष, गवर्निंग बोर्ड (आत्मा) जिला नारायणपुर के अनुमोदन के आधार पर एक्सटेंशन रिफार्म्स (आत्मा) योजना के परिचालन हेतु कार्यालय उप संचालक कृषि, जिला नारायणपुर में संविदा पदों की पूर्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित की गई है। न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता, अपेक्षाएं एवं अन्य विवरण नीचे पदवार अंकित है।

क्र.	पदों का नाम	जिला स्तरीय आरक्षण अनुसार पदों की संख्या						शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव	संविदा मासिक निश्चित वेतन	संविदा अवधि वर्ष
		वर्ग	अ ज जा	अ जा	अ पि व	अना.	योग			
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
अ. जिला स्तरीय पद :–										
1	डिप्टी प्रोजेक्टर डायरेक्टर	मुक्त	0	0	0	01	01	कृषि/समवर्गी विभाग (Allied Sectors) में स्नातकोत्तर एवं अनुसंधान पृष्ठभूमि तथा रू. 9300–34800+4200 वेतनमान में कम से कम 03 वर्ष का अनुभव।	Consolidated Rs. 24860.00	03
		म.	0	0	0	0	0			
		योग	0	0	0	01	01			
2	एकाऊन्टेंट–कम क्लर्क	मुक्त	0	0	0	01	01	किसी भी विषय में स्नातक (बी.कॉम को प्राथमिकता दी जायेगी) एवं संबधित कार्यक्षेत्र में कम से कम 03 वर्ष का अनुभव।	Consolidated Rs.15600.00	03
		म.	0	0	0	0	0			
		योग	0	0	0	01	01			
3	कम्प्यूटर ऑपरेटर	मुक्त	0	0	0	01	01	कम्प्यूटर एप्लीकेशन में डिप्लोमा के साथ स्नातक उपाधि या मान्यता प्राप्त संस्था से समकक्ष उपाधि एवं संबंधित कार्यक्षेत्र में 01 वर्ष का अनुभव	Consolidated Rs. 12000.00	03
		म.	0	0	0	0	0			
		योग	0	0	0	01	01			
ब. विकासखण्ड स्तरीय पद :–										
4	ब्लाक टेक्नॉलॉजी मैनेजर (BTM)	मुक्त	02	0	0	0	02	कृषि/समवर्गी विभाग(Allied Sectors) में स्नातक/स्नातकोत्तर उपाधि एवं कम्प्यूटर कार्य में दक्ष तथा कृषि संबंधी क्षेत्र में मैदानी कार्यों का कम से कम 2 वर्ष का अनुभव।	Consolidated Rs. 25000.00	03
		म.	0	0	0	0	0			
		योग	02	0	0	0	02			
5	असिस्टेंट टेक्नॉलॉजी मैनेजर(ATM)	मुक्त	02	0	01	0	03	कृषि/ उद्यानिकी/ अर्थशास्त्र/ विपणन/ पशुविज्ञान/ ए.एच.डी./ मत्स्यपालन विषयों में स्नातक/स्नातकोत्तर उपाधि	Consolidated Rs. 15000.00	03
		म.	01	0	0	0	01			
		योग	03	0	01	0	04			

नियम व शर्तें :–

1. यह पद पूर्णतः अस्थायी है। उपरोक्त पदों पर होने वाला व्यय एक्सटेंशन रिफॉर्म्स (आत्मा) योजना से प्रतिपूर्ति योग्य होगा। योजना समाप्त होने पर यह पद स्वमेव समाप्त हो जावेंगे। किसी भी परिस्थिति में राज्य शासन द्वारा इन पदों का व्यय भार वहन नही किया जावेगा।
2. संविदा नियुक्ति हेतु जिला स्तर पर गठित चयन समिति की अनुशंसा तथा कलेक्टर सह अध्यक्ष (गवर्निंग बोर्ड–आत्मा), जिला नारायणपुर का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।
3. ए–4 पेपर साईज में टाईप किये हुए आवेदन पत्र कार्यालय प्रोजेक्ट डॉयरेक्टर (आत्मा) सह उप संचालक कृषि जिला नारायणपुर (छ.ग.) के नाम से प्रेषित करें। यदि आवेदक एक से अधिक पद हेतु आवेदन करना चाहे, तो पदानुसार अलग–अलग आवेदन पत्र प्रेषित करें। एक ही आवेदन पत्र में एक से अधिक पदों हेतु आवेदन करने पर उसे निरस्त किया जावेगा।

4. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है। अन्यथा आवेदन निरस्त किया जा सकेगा।
5. सेवा निवृत्त अधिकारी/कर्मचारी के लिए संविदा नियुक्ति के नियमानुसार अधिकतम आयु 70 वर्ष होगी तथा अन्य आवेदकों के लिए शासन के नियमानुसार आयु–सीमा लागू होगी।
6. आवेदक छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना अनिवार्य है, जिसकी पुष्टि हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें। एकाऊन्टेंट कम क्लर्क एवं कम्प्यूटर आपरेटर के लिए जिला नारायणपुर के मूल निवासी ही आवेदन करने के लिए पात्र होंगे।
7. जन्मतिथि के प्रमाण के लिए सामान्यतः हाईस्कूल, हायर सेकेंण्डरी, मेट्रीकुलेशन परीक्षा के प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
8. अन्य पिछड़ा वर्ग/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के आवेदकों को प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जारी स्थाई जाति प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
9. विज्ञप्ति पद के अनुभव प्रमाण पत्र के संबंध में यह स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए कि आवेदक संबधित संस्था में कितने मासिक वेतन पर कब से कब तक कार्यरत रहा है। तत्संबंध में प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
10. न्यायालयीन प्रकरण/अपराधिक प्रकरण के संबंध में शपथ पत्र अनिवार्यतः प्रस्तुत करें।
11. शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्थान/निगम/मंडल में नियोजित हो, तो नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें।
12. आवेदक अपनी अर्हता की जांच स्वयं कर लें तथा विज्ञापित पद के लिए निर्धारित अर्हता/शर्तों को पूर्ण न करने वाले अभ्यार्थी का आवेदन पत्र निरस्त की जावेगी।
13. नियुक्ति हेतु सिफारिस कराने वाले एवं किसी प्रकार का दबाव डालने वाले आवेदकों के आवेदन पत्र निरस्त कर उनकी उम्मीदवारी समाप्त की जा सकेगी।
14. नियुक्ति हेतु विज्ञापित किए गए पदों की वर्गवार रिक्तियों की संख्या में परिवर्तन नही हो सकता है। इस विज्ञापन में जिला स्तर पर वर्तमान में लागू आरक्षण रोस्टर के आधार पर वर्गवार रिक्तियां सुनिश्चित की गई है।
15. नियुक्तियां प्रथमतः 03 वर्ष के लिए की जावेगी तथा कार्य संतोषप्रद पाए जाने पर अवधि बढ़ाई जा सकेगी।
16. संविदा नियुक्ति, छ.ग.शासन, संविदा भर्ती नियम–2012 के प्रावधानानुसार होगी।
17. **आवेदन करने की अंतिम तिथि** 22/10/2014 **को कार्यालयीन समय तक है।** आवेदन पत्र में दो पासपोर्ट साईज के फोटो लगा हो, एक लिफाफा, जिसमें पूर्ण पता सहित पांच रू. का डाक टिकट लगा हो संलग्न करें।
18. आवेदन पत्र पंजीकृत डाक/कोरियर के माध्यम से ही स्वीकार किया जावेगा। समय–सीमा के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नही किया जावेगा। उम्मीदवारों का चयन शैक्षणिक योग्यता, अनुभव के आधार पर मेरिट/साक्षात्कार के अनुसार इस हेतु गठित समिति की अनुशंसा के आधार पर की जावेगी।
19. साक्षात्कार हेतु पृथक से सूचना दी जावेगी।
20. उक्त पदों के लिए नियुक्ति संबंधित अन्य जानकारी, आवेदन पत्र प्रारूप, नियम एवं शर्तें कार्यालयीन कार्य दिवस एवं समय पर कार्यालय उप संचालक कृषि, जिला नारायणपुर के सूचना पटल पर एवं छ.ग. शासन के वेबसाईट **www.cgstate.gov.in**/कृषि विभाग छ.ग.शासन के **www.agridept.cg.gov.in**/जिला नारायणपुर के **www.narayanpur. gov.in** पर देखी जा सकती है।

8X2014

कलक्टर
सह अध्यक्ष, गवर्निंग बोर्ड (आत्मा)
जिला नारायणपुर (छ.ग.)

प्रोजेक्ट डायरेक्टर (आत्मा) सह
उप संचालक कृषि
जिला नारायणपुर (छ.ग.)

आवेदन पत्र का प्रारूप

प्रति

अभिप्रमाणित
पासपोर्ट फोटो
चिपकाएँ

प्रोजेक्ट डायरेक्टर (आत्मा) सह
उप संचालक कृषि
जिला नारायणपुर(छ.ग.)

1. आवेदित पद का नाम – .....
2. आवेदक का नाम (हिन्दी में) – .....
   (अंग्रेजी केपीटल लेटर में) – .....
3. पिता/पति का नाम – .....
4. प्रवर्ग (सामान्य/अ.पि.व./अ.जा./अ.ज.जा.) – .....
5. जन्मतिथि (अंको में) – .....
   (शब्दों में) – .....
6. दिनांक 01.09.2014 को आयु – .....
7. लिंग (पुरूष/महिला) – .....
8. जाति (आरक्षित वर्ग सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें) – .....
9. स्थाई पता – .....
10. पत्र व्यवहार का वर्तमान पता (दूरभाष क्रमांक सहित) – .....
11. वैवाहिक स्थिति (विवाहित/अविवाहित/विधवा/विधुर) – .....
12. क्या आप विवाहित हैं ? यदि हां तो विवाह की तिथि – .....
13. जीवित बच्चों की संख्या (नाम/लिंग एवं जन्मतिथि सहित)– .....
14. शैक्षणिक योग्यता :– – .....

क्र.	उत्तीर्ण परीक्षा/डिग्री	मान्यता प्राप्त कृ.वि.वि.का नाम	उत्तीर्ण करने का वर्ष	कुल अंक (O.G.P.A.)	प्राप्तांक (O.G.P.A.)	प्रतिशत	श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8

15. अन्य योग्यता/अनुभव का विवरण – .....
16. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन क्रमांक – .....
17. क्या आप शासकीय/अर्धशासकीय संस्था में कार्यरत हैं ? – (यदि हां तो कार्यालय प्रमुख का अनापत्ति प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करें) .....
18. क्या अभ्यार्थी के विरूद्ध कोई दण्डिक प्रकरण किसी पुलिस थाने/न्यायालय में लंबित है ? अथवा किसी न्यायालय में निराकृत हो चुका है, यदि हां तो संबंधित अधिनियम एवं धारा सहित प्रकरण क्रमांक एवं निष्प्रय आदि की जानकारी स्पष्ट रूप से उल्लेख करें। – .....
19. आवेदक यदि सेवा निवृत्त है तो पूर्व सेवा का विवरण देवें। – .....

टीपः–जाति, निवास एवं शैक्षणिक योग्यता तथा अन्य प्रमाण पत्रों की अभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें।

20. संलग्न प्रमाण पत्रों की सूचीः–

1. ..... 2..... 3.....
4. ..... 5..... 6.....

आवेदक के हस्ताक्षर

घोषणा पत्र

मैं घोषणा करता/करती हूँ कि इस आवेदन पत्र में दिए गए समस्त अभिलेख पूर्णतः सत्य एवं सही है, कोई जानकारी असत्य होने की दशा में मेरा आवेदन निरस्त किया जा सकेगा एवं चयन के उपरान्त भी मेरी नियुक्ति बिना नोटिस के समाप्त की जा सकेगी, तथा मेरे विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी।

आवेदक के हस्ताक्षर.....
(नाम एवं पूरा पता).....